**श्री राजेश कुमार (भा०प्र०से०) आयुक्त, कोशी प्रमंडल, सहरसा–सह–अध्यक्ष, रोगी कल्याण समिति, जननायक कर्पूरी ठाकुर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, मधेपुरा की अध्यक्षता में दिनांक–28.03.2025 को समय 05:00 बजे अपराह्न में रोगी कल्याण समिति के बैठक की कार्यवाही।**

---

**उपस्थिति:–**

पंजी के अनुसार।

सर्वप्रथम अधीक्षक, जननायक कर्पूरी ठाकुर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, मधेपुरा के द्वारा बैठक में उपस्थित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सभी सदस्यों का स्वागत किया गया, तदोपरांत बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई:–

**01.रोगी कल्याण समिति का आय:–**

अधीक्षक द्वारा उपस्थित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सभी सदस्यों को अवगत कराया गया कि रोगी कल्याण समिति के खाते में दिनांक 25.03.2025 तक, व्यय के पश्चात मो०– 6,52,984/– (छः लाख बावन हजार नो सौ चौरासी रूपये मात्र) राशि जमा है। जिस पर अध्यक्ष महोदय के द्वारा अधीक्षक–सह–सचिव रोगी कल्याण समिति को निर्देशित किया गया है कि अस्पताल के प्रारम्भ होने की तिथि से आदिनांक, रोगी कल्याण समिति के खाते में जो राशि/आवंटन प्राप्त हुआ है एवं प्राप्त राशि के विरूद्ध खाते से किये गये व्यय की विस्तृत विवरणी तैयार कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाय। साथ ही अधीक्षक को निदेशित किया गया कि रोगी कल्याण समिति के खातों का अंकेक्षण कार्य कराने हेतु आवाश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

**02. पोस्टमार्टम:–**

अध्यक्ष महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित अधीक्षक –सह–सचिव एवं प्राचार्य सह–पदेन सदस्य जननायक कर्पूरी ठाकुर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, मधेपुरा को चिकित्सा महाविद्यालय में पोस्टमार्टम की सुविधा के बारे में पृच्छा की गयी। जिस पर अधीक्षक एवं प्राचार्य के द्वारा अध्यक्ष महोदय को अवगत कराया गया कि एफ0एम0टी विभाग में चिकित्सकों एवं चिकित्सक शिक्षक पदस्थापित नहीं रहने के कारण पोस्टमार्टम का कार्य प्रारम्भ नहीं किया जा सका है। जिस पर अध्यक्ष महोदय के द्वारा निर्देशित किया गया है कि विभाग से उक्त चिकित्सक एवं चिकित्सक शिक्षकों के पदस्थापन हेतु पत्राचार किया जाय।

**03. एम0आर0आई0 प्रारंभ करने के संबंध में:–**

अध्यक्ष महोदय द्वारा एम0आर0आई0 की सेवा प्रारम्भ नहीं रहने से संबंधित पृच्छा की गई। जिस पर अधीक्षक के द्वारा अवगत कराया गया है कि एम0आर0आई0 मशीन की स्थापना हेतु BMSICL के पत्रांक–12927 दिनांक–28.03.2025 द्वारा जननायक कर्पूरी ठाकुर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, मधेपुरा में एम0आर0आई0 मशीन के अधिष्ठापन, संचालन एवं अनुरक्षण पी0पी0पी0 मोड में करने हेतु ऐजेन्सी का चयन किया गया है। उक्त पत्र के आलोक में संबंधित ऐजेन्सी के साथ अधीक्षक के द्वारा एकरारनामा किया जाना है। अध्यक्ष महोदय द्वारा अधीक्षक को निदेशित किया गया कि संबंधित ऐजेन्सी के साथ समन्वय स्थापित कर एम0आर0आई0 मशीन की स्थापना हेतु अग्रेतर कार्रवाई करेंगे।

**04. अनुरक्षण/मरम्मति का कार्य:–**

अध्यक्ष महोदय द्वारा चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के भवन मरम्मति, लिफ्ट, AC, विद्युत इत्यादि के Maintenance की कार्य की समीक्षा की गई। जिस पर अध्यक्ष महोदय को अवगत कराया गया कि BMSICL बिहार पटना के द्वारा चयनित ऐजेन्सी मेंर्सस लक्ष्मी इन्टरप्राईजेज, पटना के द्वारा Maintenance के विभिन्न कार्यो को एकरारनामा के अनुरूप किया जाना है। इस कार्यालय के पत्रांक 148 दिनांक 20.02.2025 एवं स्मार पत्र संख्या 266 दिनांक 20.03.2025 के द्वारा Maintenance हेतु विभिन्न कार्यो की एक सूची पत्र के माध्यम से चयनित ऐजेन्सी मेंर्सस लक्ष्मी इन्टरप्राईजेज, पटना को उपलब्ध कराया गया है।

परन्तु उनके द्वारा अभी तक किसी प्रकार का Maintenance का कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है। इस संबंध में अध्यक्ष महोदय द्वारा संबंधित संवेदक को निर्देशित किया गया है, कि अविलंम्ब Maintenance का कार्य कार्य प्रारम्भ करते हुए इसकी सूचना कार्यालय को दी जाय। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया, कि मेसर्स लक्ष्मी इन्टरप्राईजेज, पटना के द्वारा किये गये कार्यो की समीक्षा हेतु एक नोडल पदाधिकारी नामित किया जाय।

अध्यक्ष महोदय द्वारा निदेशित किया गया कि मेसर्स लक्ष्मी इन्टरप्राईजेज, पटना के द्वारा दिनांक–01.02.2025 से अभी तक जो भी अनुरक्षण के कार्य किये गये है, उसकी विवरणी अधीक्षक, जननायक कर्पूरी ठाकुर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल मधेपुरा को समर्पित करेंगे। साथ ही मेसर्स लक्ष्मी इन्टरप्राईजेज, पटना को निर्देश दिया गया कि उक्त ऐजेन्सी के प्रतिनिधि एवं कर्मी सम्पूर्ण परिसर में निरंतर भ्रमणशील रहकर अनुरक्षण हेतु शेष कार्यो का सर्वे करेंगे तथा उक्त कार्य को पूर्ण करने हेतु अधीक्षक एवं प्राचार्य से समन्चय स्थापित कर कार्यो को ससमय पूर्ण करायेगें।

अध्यक्ष महोदय के द्वारा अधीक्षक को निदेश दिया गया कि फरवरी, 2025 माह में ही किये जाने वाले कार्यो की सूची उपलब्ध कराने के बाद भी संबंधित Agency द्वारा ससमय कार्य नहीं किये जाने के फलस्वरूप संबंधित ऐजेन्सी से कारण पृच्छा करेंगे।

**05. पदाधिकारी एवं कर्मी के पदस्थापन के संबंध में:–**

अधीक्षक के द्वारा अध्यक्ष, महोदय को अवगत कराया गया कि जननायक कर्पूरी ठाकुर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, मधेपुरा में विभिन्न विभागों में चिकित्सक एवं कर्मी पदस्थापित नहीं रहने के कारण अस्पताल के संचालन में कठिनाई उत्पन्न हो रही है। जिसपर अध्यक्ष महोदय द्वारा प्राचार्य एवं अधीक्षक से जानना चाहा कि तत्काल किन–किन श्रेणियों के चिकित्सक की आवश्यकता है।

जिसपर प्राचार्य एवं अधीक्षक द्वारा अध्यक्ष महोदय को अवगत कराया गया कि तत्काल आवश्यकता को देखते हुए निम्न तालिका के अनुसार चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति/पदस्थापित किया जाना आवश्यक हैं।

| क्र0 | पदनाम | आवश्यकता |
|---|---|---|
| 1 | Radiologist | 01 |
| 2 | Pharmaist | 02 |
| 3 | Hospital Manager | 02 |
| 4 | Nursing Superintendent | 01 |
| 5 | FMT | 03 |

जननायक कर्पूरी ठाकुर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, मधेपुरा में विभिन्न विभागों में प्राध्यापक, सह–प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, चिकित्सा पदाधिकारी, ट्युटर एवं रेसिडेंट के स्वीकृत एवं कार्यरत बल की सूची संलग्न की गई है।

**06. रेफरल:–**

अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी सदस्यों को अवगत कराया गया कि जननायक कर्पूरी ठाकुर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, मधेपुरा से अधिक संख्या में मरीजों को रेफर करने के मामले संज्ञान में आ रहे हैं। जिस पर बैठक में उपस्थित अधीक्षक सह–सचिव के द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में रेफर मरीज की संख्या में कमी आयी है। सिर्फ वैसै ही मरीज जिन्हें सुपर स्पेशलिस्ट से संबंधित चिकित्सा की आवश्यकता है, को रेफर किया जा रहा है।

**07. अन्यान:–**

(i) अध्यक्ष महोदय द्वारा जीविका दीदी द्वारा संचालित कैंटिन/रसोई का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के उपरान्त अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देश दिया गया कि आगन्तुकों के लिए स्वच्छ एवं शीतल पेजयल की व्यवस्था हेतु आवश्यकतानुसार R.O Plant की व्यवस्था की जाय।

(ii) अध्यक्ष महोदय द्वारा अधीक्षक को निदेश दिया गया कि सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस ऑर्गनाइजेशन के लंबित भुगतान को नियमानुसार पूर्ण करने की कार्रवाई की जाय।

अंत में अधीक्षक –सह–सदस्य सचिव, रोगी कल्याण समिति जननायक कर्पूरी ठाकुर चिकित्सा महाविद्यालय मधेपुरा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन करते हुए बैठक की कार्यवाई समाप्त की गई।

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| विभागाध्यक्ष, स्त्री एवं प्रसव रोग विभाग, सह–सदस्य कोषाध्यक्ष रोगी कल्याण समिति जननायक कर्पूरी ठाकुर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, मधेपुरा। | विभागाध्यक्ष, औषधि विभाग, सह–सदस्य रोगी कल्याण समिति जननायक कर्पूरी ठाकुर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, मधेपुरा। | सचिव, रेड क्रॉस सोसायटी, सह–सदस्य रोगी कल्याण समिति जननायक कर्पूरी ठाकुर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, मधेपुरा। | अध्यक्ष, आई०एम०ए, सह–सदस्य रोगी कल्याण समिति जननायक कर्पूरी ठाकुर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, मधेपुरा। | अधीक्षक, सह–सदस्य सचिव रोगी कल्याण समिति जननायक कर्पूरी ठाकुर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, मधेपुरा। | प्राचार्य, सह–पदेन सदस्य रोगी कल्याण समिति जननायक कर्पूरी ठाकुर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, मधेपुरा। | जिलाधिकारी, सह–उपाध्यक्ष सदस्य रोगी कल्याण समिति जननायक कर्पूरी ठाकुर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, मधेपुरा। | आयुक्त, कोशी प्रमंडल, सहरसा। सह–अध्यक्ष, रोगी कल्याण समिति जननायक कर्पूरी ठाकुर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, मधेपुरा। |